हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 JUNE 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि वित्तीय समावेशन और उद्यमिता से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, साफ़-सफाई, आवास, खेल, विज्ञान और सुशासन तक, महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रही हैं।

सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से अवसरों के नए रास्ते खुल रहे हैं और पूरे देश में विकास का परिदृश्य बदल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है और यह अलग-अलग क्षेत्रों में साफ तौर पर दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से मदद कर रही है। यह महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयास सम्मान, अवसर और सशक्तिकरण पर आधारित हैं, जिससे ऐसा माहौल बनाने में मदद मिली है जिसमें महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को पहचान सकें तथा राष्ट्र-निर्माण में और मज़बूती से योगदान दे सकें। श्री मोदी ने विज्ञान, अंतरिक्ष और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में भारत की नारी शक्ति को अपनी पहचान बनाते हुए देखकर खुशी ज़ाहिर की।

संस्कृत का एक श्लोक साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नारी शक्ति राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी असाधारण प्रतिभा और कौशल से भारत माता का गौरव बढ़ा रही हैं।

==

केंद्र सरकार ने साइबर अपराधियों द्वारा सुरक्षा प्रणालियों को भेदने और वित्तीय व्यवस्था को निशाना बनाने के बढ़ते खतरे के बारे में चेतावनी जारी की है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार, साइबर अपराधी डीपफेक वीडियो और कृत्रिम पहचान बनाने के लिए एआई का तेजी से उपयोग कर रहे हैं। इन तकनीकों का दुरुपयोग चेहरे की पहचान, जीवंतता सत्यापन, वीडियो केवाईसी प्रक्रियाओं, खातों को दोबारा सक्रिय करने की प्रणालियों और वित्तीय तथा डिजिटल सेवाओं तक पहुंच बनाने के लिए किया जा रहा है। सरकार ने फिनटेक कंपनियों सहित वित्तीय संस्थानों को डीपफेक का पता लगाने की प्रणाली मजबूत करने और ग्राहक ऑनबोर्डिंग तरीकों को बेहतर बनाने की सलाह दी है। लोगों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे अपने बायोमेट्रिक डेटा को सुरक्षित रखें।

==

सरकार ने कुछ इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क माफ कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से 22, 25, 27 और 30 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल को केंद्रीय उत्पाद शुल्क से पूरी तरह छूट देने की घोषणा की है। मंत्रालय ने कहा कि अब इन चारों ईंधन श्रेणियों पर उत्पाद शुल्क शून्य रहेगा। इसका उद्देश्य भारत के इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को मजबूत करना है।

==

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने, आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक हरियाणा के विकास से जुड़ी कई मांगें रखीं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा को उसकी महत्वाकांक्षी औद्योगिक विकास योजना के तहत विकसित किए जाने वाले पहले 50 औद्योगिक पार्कों में शामिल किया जाए। उन्होंने हरियाणा को

सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण हब के रूप में विकसित करने के लिए एक विशेष प्रोत्साहन पैकेज देने की भी मांग की।

इसके अलावा, उन्होंने हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर का आर्टफिशियल इंटेलिजेंस उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने और एआई वैश्विक क्षमता केंद्र के विकास के लिए एक विशेष केंद्रीय पैकेज देने का अनुरोध किया। उन्होंने औद्योगिक मॉडल टाउनशिप, सेक्टर-विशिष्ट औद्योगिक पार्कों, ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा पहलों के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता की भी मांग की। उन्होंने 'राष्ट्रीय नवाचार एंव अनुसंधान फंड ' के तहत हरियाणा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया।

==